
दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 12 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-75

## महत्वपूर्ण एवं खास



### शक्तिकांत दास आरबीआई के नए गवर्नर

नई दिल्ली। पूर्व वित्त सचिव शक्तिकांत दास बने आरबीआई के नए गवर्नर।



### मिजारोम सीएम ने दिया इस्तीफा

अइजोल। मिजोरम के मुख्यमंत्री लाल थनहावला ने हार स्वीकार की, दिया इस्तीफा।

### यह 2019 लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है- ममता बनर्जी



कोलकाला। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'बीजेपी की हार के कई कारण हैं। जैसे सत्ता का अहंकार और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग। समाज के सभी तबके के लोग बीजेपी के खिलाफ हैं। यह उनके लिए एक आपदा की तरह है।'




### जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला 3 जवान शहीद

जम्मू-कश्मीर। मंगलवार को हुए शोपियां जिले में पुलिस पर आतंकी हमला, 3 जवान शहीद हुए शहीद।



### अजीत जोगी ने मरवाही से जीत हासिल की

रायपुर। जनता कांग्रेस के सुप्रीमो अजीत जोगी ने मरवाही से जीत हासिल की।



### टीएस सिंहदेव 33000 वोट से जीते

रायपुर। अंबिकापुर विधानसभा सीट से टीएस सिंहदेव ने शानदार जीत दर्ज कर 33000 वोटों से अपने विरोधी को पछाड़ दिया है।

### चिंतागुफा में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ का एक जवान घायल

सुकमा। सुकमा के चिंतागुफा में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया, जिसमें एक सीआरपीएफ जवान घायल हो गए हैं।


### तीरथगढ़ जलप्रपात में गिरने से विशाखापट्टनम के पर्यटक की मौत

दरभा। विशाखापट्टनम से घूमने आए गन्ना रेड्डी नामक युवक की करीब 100 फीट की ऊंचाई से तीरथगढ़ जलप्रपात में गिरने से मौत हो गई। गोताखोरों ने अंडर वाटर कैमरे की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव निकाला।



सोमवार को 25 पर्यटकों का दल विशाखापट्टनम से पहुंचा था। दल के सदस्य तीरथगढ़ जलप्रपात देखने गए थे। दल के सदस्य प्रपात के मुहाने पर खड़े थे और एक-दूसरे की तस्वीरें ले रहे थे। इसी दौरान अचानक गन्ना रेड्डी निवासी ज्ञानपुरम थाना कंचनपल्लम का पैर फिसल गया और वह 100 फीट की ऊंचाई से तेज धार के साथ नदी में गिर गया। साथियों में हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई।

# 15 साल बाद छग में कांग्रेस की धमाकेदार वापसी



| मध्य प्रदेश | | | राजस्थान | | | छत्तीसगढ़ | | | तेलंगाना | | | मिजोरम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल सीट-230 | | | कुल सीट-199 | | | कुल सीट-90 | | | कुल सीट-119 | | | कुल सीट-40 | | |
| कांग्रेस | बीजेपी | अन्य | कांग्रेस | बीजेपी | अन्य | कांग्रेस | बीजेपी | अन्य | टीआरएस | कांग्रेस | बीजेपी | एमएनएफ | कांग्रेस | बीजेपी |
| 113 | 109 | 08 | 100 | 74 | 25 | 65 | 16 | 09 | 87 | 19 | 01 | 26 | 05 | 01 |

# इन वजहों से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने छीनी भाजपा से सत्ता







रायपुर। छत्तीसगढ़ में 15 साल का रमन राज खत्म हो गया है। कांग्रेस ने शानदार वापसी करते पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है।

चुनाव के पहले भाजपा और कांग्रेस दोनों अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे थे, इसके अलावा बीजेपी और अजीत जोगी का गठबंधन के भी इसी तरह के दावे थे। लेकिन मतगणना के शुरूआती रुझानों ने ही स्थिति स्पष्ट कर दी, इसके बाद जैसे-जैसे परिणाम आते रहे वैसे वैसे कांग्रेसियों का उत्साह बढ़ता गया और भाजपाई खेमे में मायूसी छा गई।

### कांग्रेस की जीत के पीछे प्रमुख क्या कारण रहे, आइए जानते हैं -

### एंटी इंकंबेंसी

छत्तीसगढ़ में इस बार एंटी इंकंबेंसी का माहौल था। कांग्रेस ने इसे पूरी तरह से भुनाया। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से लेकर स्थानीय नेता ओं ने अपनी हर रैली में सरकार के अधूरे कामों का जिक्र किया। राहुल गांधी रैलियों में केंद्र सरकार पर हमला बोलने के साथ ही रमन सरकार की नाकामी भी गिनाते थे।

### मंत्रियों का व्यवहार

छत्तीसगढ़ में लोगों रमन सरकार से किस कदर नाराज थे यह चुनाव परिणाम बताते हैं। अभी तक के चुनाव आंकड़ों के मुताबिक मंत्री केदार कश्यप (नारायणपुर सीट), महेश गागड़ा (बीजापुर सीट), अमर अग्रवाल (बिलासपुर सीट), रामसेवक पैकरा (प्रतापपुर सीट), दयालदास बघेल (नवागढ़ सीट), राजेश मूणत (रायपुर नगर पश्चिम सीट) और प्रेम प्रकाश पांडेय (भिलाई नगर सीट) पीछे चल रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल (कसडोल सीट) भी पीछे चल रहे हैं।

### किसानों की नाराजगी

छत्तीसगढ़ में किसान रमन सरकार से काफी नाराज थे। इस चुनाव में कर्ज माफी एक बड़ा मुद्दा था। कांग्रेस ने इसके अपने घोषणा पत्र में शामिल किया और एलान किया कि सरकार बनते ही दस दिनों के भीतर कर्ज माफी कर दी जाएगी। छत्तीसगढ़ के चुनाव अभियान में किसानों की कर्ज माफी और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिक बोनस देने का कांग्रेस के वादे पर किसानों ने भरोसा जताया है और उन्होंने भाजपा को पूरी तरह दरकिनार कर कांग्रेस के पक्ष में वोट दिया है।

### आउट सोर्सिंग बना मुद्दा

प्रदेश में भिलाई स्टील प्लांट रोजगार का एक बड़ा केंद्र है। यहां 60 हजार से अधिक अधिकारी और कर्मचारी है।

सैकड़ों की संख्या में यहां आउट सोर्सिंग पर कर्मचारियों को रखा गयाा है, इन कर्मचारियों की मांग है कि इन्हें परमानेंट कर दिया जाए। रमन सरकार से कर्मचारी इस मुद्दे पर भी काफी नाराज थे। कांग्रेस ने इसे भी मुद्दा बनाया और कर्मचारियों को आश्वासन दिया।

### शिक्षामित्र थे खफा

प्रदेश में लाखों की संख्या में शिक्षा मित्र हैं। यहां इन्हें रेगुलर करने की मांग चल रही है। इसके लिए शिक्षा मित्रों ने काफी धरना प्रदर्शन किया, लेकिन सरकार ने इस पर कोई ठोक नतीजा नहीं निकाला। कई बार लाठीचार्ज भी हुए और शिक्षामित्रों ने गिरफ्तारियां भी दी। यह नाराजगी भी भाजपा की हार की एक बड़ी वजह रही।

### भितरघात का फायदा

कांग्रेस को भाजपा के भीतरघातियों से बहुत फायदा पहुंचा। कई सीटों के परिणाम विश्लेषण करने पर पता चलता है जहां जहां भाजपा के बागी थे, वहां कांग्रेस को सीधा फायदा पहुंचा। भाजपा में यह असंतोष टिकट वितरण के समय से ही शुरू हो गया था।

### अजीत जोगी से भी फायदें का अनुमान

पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी जब बसपा के साथ गठबंधन बनाकर चुनावी समर में उतरे तो लोगों ने कयास लगाए कि ये गठबंधन कांग्रेस के वोटों को काटेगा। हालांकि चुनाव के परिणाम बताते हैं कि जोगी फैक्टर ने कांग्रेस की जगह भाजपा के वोटों में ही सेंध लगा दी।

### बिजली

पूरे प्रदेश में बिजली एक बड़ा मुद्दा था। हर स्थानीय रैलियों में कांग्रेसियों ने इस पर फोकस किया।

## मैं कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बधाई देता हूं -कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया



रायपुर। राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस। प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया ने कहा- कांग्रेस झीरम समेत दूसरे मामलों की जांच करेगी, मैं कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बधाई देता हूं, बसपा और जोगी ने मिलकर खेल खेला था।

चुने हुए प्रतिनिधि ही मुख्यमंत्री पर अपनी राय देंगे, राहुल गांधी जी के दिए गए वादों को पूरा करेंगे। मैं झीरम घाटी के शहीदों को नमन करता हूं और यह जीत उन्हें समर्पित करता हूं।

## एमएनएफ के कार्यकर्ता और समर्धकों ने आइजोल में पार्टी हेडक्वॉर्टर में मनाया जश्न







मिजोरम। एमएनएफ के कार्यकर्ता और समर्धकों ने आइजोल में पार्टी हेडक्वॉर्टर में मनाया जश्न। एमएनएफ ने 26 सीटों पर जीत दर्ज की।

## प्रेमी जोड़े के बीच तीसरे ने ली एंट्री, बेरहमी से कर दी हत्या

अंबिकापुर/सूरजपुर। 25 नवंबर की अलसुबह रेलवे की पेट्रोलिंग टीम को बिश्रामपुर के केनापारा स्थित रेलवे पटरी के बगल में एक युवक की लाश मिली थी। पीएम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आने पर पुलिस ने मामले की छानबीन की। इस दौरान मृतक के मोबाइल के नंबर खंगाले गए तो एक युवती का नंबर मिला।

युवती से जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गौरतलब है कि प्रेमी जोड़े के बीच युवक आ गया था। फिर प्रेमी के कहने पर युवती ने उसे अपने घर बुलाया



और वारदात को अंजाम दिया।

सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केनापारा स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के पास रेलवे की पेट्रोलिंग टीम को 25 नवंबर को रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक की लाश मिली थी।